भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अंतारांकित प्रश्न सं. 2363

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

असम में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेट

2363. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) असम में प्रचालनशील कुल टोल गेटों का स्थानवार ब्यौरा क्या है और इन्हें कौन-सी एजेंसी संचालित कर रही है;
(ख) एक टोल गेट स्थापित करने हेतु क्या अपेक्षाएं/मानदंड हैं;
(ग) क्या असम के टोल गेट सभी अनिवार्य अपेक्षाओं पर खरे उतरते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो क्या इसमें कोई कमियां हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) असम राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित प्रयोक्ता शुल्क प्लाजाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ख) से (घ) सभी प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियमावली, 2008 और रियायत समझौते के प्रावधानों के अनुसार भारत के राजपत्र में प्रकाशित संबंधित अधिसूचनाओं के पश्चात राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थापित किए गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा प्रत्येक परियोजना पैकेज की लंबाई, यातायात का न्यूनतम डायवर्जन, प्लाजा भवन और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, नगर निगम की सीमाओं से दूरी, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली 2008 के प्रावधानों आदि के आधार पर स्थापित किए जाते हैं। हालांकि, शुल्क प्लाजा पर प्रयोक्ता शुल्क संबंधित शुल्क प्लाजा की परियोजना प्रभाव लंबाई के भीतर इसके विशिष्ट स्थान पर न करके परियोजना प्रभाव लंबाई के आधार पर एकत्र किया जाता है।

असम राज्य में भी शुल्क प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली, 2008 और संबंधित अनुबंध समझौते के अनुरूप स्थापित किए गए हैं।

अनुबंध

'असम में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेट' के संबंध में श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा पूछे गए दिनांक 13.03.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2363 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

असम राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा का विवरण:

क्र.सं.	प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा का नाम	एनएच खंड	जिला	एजेंसी का नाम
1	तेलीपारा कि.मी. 8.390 पर	एनएच-31सी (नया एनएच-27) पर बिजनी से पश्चिम बंगाल सीमा खंड के किमी 30.000 से किमी 0.000 तक	कोकराझार	मेसर्स रॉयल दीप कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
2	पटगांव किमी 49.600 पर	एनएच-31सी (नया एनएच-27) पर कोचुगांव से राखलडुबी खंड किमी 30.000 से किमी 93.000 तक	कोकराझार	इनविट के अंतर्गत (एनएचआईटी-ईस्टर्न प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड)
3	दहालपारात किमी 971.200 पर	एनएच-31 (नया एनएच-27) पर राखलडुबी से कालझर खंड किमी 961.500 से किमी 1013.000 तक	बोंगईगांव	
4	गलिया किमी 1017.350 पर	एनएच-31 (नया एनएच-27) पर कलझर से बेजकुची खंड के किमी 1013.000 से किमी 1040.300 तक	नलबाड़ी	
5	मदनपुर किमी 1103.940 पर	एनएच-31 (नया एनएच-27) पर बेजकुची से अमिनगांव खंड के किमी 1040.300 से किमी 1119.814 तक	कामरूप (आर)	मेसर्स एमबी कंसोर्टियम
6	नाजिराखाट किमी 179.300 पर	अमीनगांव से जगीरोड खंड पर एनएच-31 के किमी 1119.814 से किमी 1124.514 तक और एनएच-37 (नया एनएच-27) के किमी 146.000 से किमी 205.000 तक	कामरूप (एम)	मेसर्स इनोविजन लिमिटेड

क्र.सं.	प्रयोक्ता शुल्क प्लाजा का नाम	एनएच खंड	जिला	एजेंसी का नाम
7	राहात किमी 254.514 पर	एनएच-37 (नया एनएच-27) पर जागीरोड से बोरघाटरोटारी खंड के किमी 205.000 से किमी 273.489 तक	नागांव	मेसर्स एमबी कंसोर्टियम
8	मिकिराती हवगाँव किमी 33.625 पर	बोरघाटरोटारी से लंका खंड, एनएच-37 पर किमी 273.489 से किमी 5.500 तक तथा एनएच-36 पर किमी 5.500 से किमी 35.862 तक तथा एनएच-54 (नया एनएच-27) पर किमी 0.000 से किमी 22.000 तक	होजाइ	मेसर्स स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
9	मंडेरडिसा किमी 62.400 पर	लंका से हाटीखाली खंड के एनएच-54 (नया एनएच-27) पर किमी 22.000 से किमी 83.400 तक	दीमा हसाओ	मेसर्स इंद्रदीप कंस्ट्रक्शन कंपनी
10	बालाचेरा टोल प्लाजा किमी 277.300 पर	बालाचेरा से सिलचर खंड के एनएच-54 (नया एनएच-27) पर किमी 275.000 से किमी 300.760 तक	काछर	मेसर्स एसपीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड

*****